Seventeenth Loksabha

an>

Regarding railway halts at Salempur and others station

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। गुजरात विधान सभा में ऐतिहासिक जीत के लिए मैं आदरणीय मोदी जी सहित सभी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रकट करता है।

रेलवे भारतीय यात्रा की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं। जब से केन्द्र में विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से रेलवे ने अभूतपूर्व विकास किया है। आज लोगों को विश्वस्तरीय रेल सुविधा मिल रही है, जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी का आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि कोरोना काल के दौरान लगभग सभी ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, बाद में ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो गया, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव निरस्त कर दिया गया, जहां पूर्व समय से ठहराव चलता आ रहा है।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की कुछ और महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव और यात्री सुविधा जनहित में आवश्यक है। भाटपार रेलवे स्टेशन पर अवध असम एक्सप्रेस और लखनऊ बरौनी एक्सप्रेस, सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर गोदान एक्सप्रेस, पूर्वांचल एक्सप्रेस और दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। रेवती स्टेशन, जिसे पहले से स्टेशन का दर्जा प्राप्त था, पूर्व की भांति रेलवे स्टेशन का दर्जा बरकरार रखा जाए।